आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 20.09.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– ''पीएम विश्वकर्मा योजना'' भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए परंपरागत कौशल को बढ़ावा देने की महत्वपूर्ण पहल है।
- केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा ने कहा– प्रदेश में सामरिक दृष्टि से कई राष्ट्रीय राजमार्गों के चौड़ीकरण और बाईपास के साथ ही सुरंग बनाई जा रही हैं।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की वर्चुअल उपस्थिति में 1 हजार 94 कनिष्ठ अभियन्ताओं को नियुक्ति पत्र सौंपे गये।
- ऊधमसिंह नगर जिले के रूद्रपुर में पांचवे उत्तराखण्ड राज्य खेल शुरू।

पीएम विश्वकर्मा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शिल्पकारों से 'प्रधानमंत्री' विश्वकर्मा योजना का लाभ उठाकर उद्यमी और व्यापारी बनने की अपील की है। श्री मोदी आज महाराष्ट्र के वर्धा में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की वर्षगांठ पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना, भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए परंपरागत कौशल को बढ़ावा देने की महत्वपूर्ण पहल है। इस योजना के लाभों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने बताया कि परम्परागत व्यवसाय का उत्पादन बढाने के लिए लाभार्थियों को आधुनिक उपकरण प्रदान किये गये हैं। उन्होंने कहा कि योजना के अंतर्गत बिना किसी गारंटी के तीन लाख रूपये तक का ऋण दिया जाता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि योजना के अधिकतर लाभार्थी अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के हैं। श्री मोदी ने इस योजना के अंतर्गत एक लाख से अधिक लाभार्थियों को डिजिटल पहचान पत्र और डिजिटल कौशल प्रमाण पत्र भी जारी किये। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने 75 हजार लाभार्थियों को डिजिटल ऋण स्वीकृति पत्र भी जारी किये। प्रधानमंत्री ने विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत 18 लाभार्थियों को समारोह में ऋण के चैक प्रदान किये। प्रधानमंत्री ने शिल्पकारों के उत्पाद प्रदर्शनी के मंडप का भी दौरा किया और शिल्पकारों से बातचीत की।

पीएम विश्वकर्मा देहरादून

वहीं, 'पीएम विश्वकर्मा' योजना की पहली वर्षगांठ कार्यक्रम का देहरादून स्थित राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रसारण किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के ग्रामीण विकास मंत्री गणेश जोशी ने योजना के लाभार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित किए और स्टॉल का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने परिसर पर रुद्राक्ष के पौधे का रोपण भी किया।

अजय टम्टा

केंद्रीय सड़क परिवहन राज्य मंत्री अजय टम्टा ने कहा है कि प्रदेश में सामरिक दृष्टि से कई राष्ट्रीय राजमार्गों के चौड़ीकरण और बाईपास के साथ ही सुरंग बनाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि नैनीताल में कैंची धाम में सुरंग बाईपास और एलिवेटेड बाईपास बनाने के साथ ही काठगोदाम नैनीताल राजमार्ग को डबल लेन किए जाने का प्रस्ताव भी बनाया जाएगा।

केंद्र सरकार के 100 दिन पूरे होने पर नैनीताल के काठगोदाम में आज पत्रकारों से बातचीत में श्री टम्टा ने कहा कि केंद्र सरकार ने इन 100 दिनों में 15 लाख करोड़ के विकास कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों बरसात में बड़ी संख्या में राष्ट्रीय राजमार्ग और राजमार्ग बाधित हुए हैं, जिनको खोलने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है।

सीएम नियुक्ति पत्र

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की वर्चुअल उपस्थिति में आज उत्तराखण्ड सम्मिलित राज्य कनिष्ठ अभियन्ता सेवा परीक्षा, 2023 के अन्तर्गत विभिन्न विभागों में चयनित 1 हजार 94 कनिष्ठ अभियन्ताओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये। देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने चयनित हुए अभ्यर्थियों से वर्चुअल संवाद भी किया। उन्होंने विभिन्न भर्ती परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं को संदेश दिया कि वे कड़ी मेहनत और खुद पर विश्वास रखें। उन्होंने कहा कि जिस तेजी से भर्ती प्रक्रियाएं पूरी की जा रही हैं, इससे युवाओं में नई आशा जगी है। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि आज जिन अभ्यर्थियों को नियुक्ति मिली है, इनसे विभागों को और मजबूती मिलेगी। श्री धामी ने कहा कि राज्य में पिछले तीन साल में राज्य में सरकारी विभागों में 17 हजार से अधिक नौकरियां प्रदान की गई हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में नकल विरोधी कानून लागू होने के बाद से सभी भर्ती परीक्षाएं पारदर्शिता के साथ सम्पन्न हुई है।

राज्यपाल

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने कहा है कि सेब उत्पादन के हिमाचल प्रदेश के सफल मॉडल से उत्तराखण्ड के किसानों की आय में बढोतरी हो सकती है और राज्य में सेब उत्पादन को एक नई दिशा मिल सकती है। शिमला में हिमाचल प्रदेश के अधिकारियों से औद्यानिकी और आपदा प्रबंधन के विभिन्न प्रयासों की जानकारी लेने के दौरान राज्यपाल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश का सेब उत्पादन पूरे देश में एक सफल मॉडल के रूप में स्थापित हुआ है। उत्तराखण्ड और हिमाचल प्रदेश की समान भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, इस मॉडल को उत्तराखण्ड में भी अपनाने की संभावनाओं पर विचार किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने आपदा से निपटने के लिए प्रभावी रणनीतियों, किसानों की आय में वृद्धि के लिए सेब और अन्य फलों की खेती को प्रोत्साहित करने और जैविक तथा प्राकृतिक कृषि में हो रहे नवाचारों पर प्रस्तुतीकरण दिया। राज्यपाल ने आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में दोनों प्रदेशों के बीच आपसी सहयोग और समन्वय बढ़ाने पर भी जोर दिया।

उत्तराखंड राज्य खेल प्रतियोगिता

ऊधमसिंह नगर जिले के रूद्रपुर में पांचवे उत्तराखण्ड राज्य खेल शुरू हो गए हैं। नैनीताल के सांसद अजय भट्ट ने आज मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम, रूद्रपुर में राज्य खेलों का शुभारम्भ किया। यह आयोजन 27 सितम्बर तक चलेगा।

राज्य खेलों के आयोजन के लिए जिला प्रशासन और राज्य ओलम्पिक संघ को बधाई देते हुए श्री भट्ट ने कहा कि खेलो इण्डिया योजना के तहत खिलाड़ियों के बेहतर सुविधांए उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार, खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए न्याय पंचायत, ब्लॉक, जिला स्तर और राज्य स्तरीय खेलों का आयोजन कर उदीयमान खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने का काम कर रही है।

गौरतलब है कि इस खेल महाकुंभ में लगभग 6 हजार खिलाड़ी, करीब 33 विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेंगे।

स्वच्छता ही सेवा पौड़ी

पौड़ी गढ़वाल में स्वछता ही सेवा कार्यक्रम के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज कंडोलिया मैदान में मानव श्रृंखला बनाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया। इसके बाद कलेक्ट्रेट तक रैली निकालकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरुक किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक राजकुमार पोरी ने कहा कि स्वच्छता का कार्यक्रम पूरे देश में चलाया जा रहा है। आज का यह

कार्यक्रम बहुत महत्वपूर्ण है, जो स्वभाव में स्वच्छता और स्वच्छता ही संस्कार की अवधारणा को स्थापित करता है।